## सार-समाचार

### 'अज्ञानता जीवन में सबसे बड़ा शत्रु'

**झुंझुनूं** (निसं)। गांधी चौक स्थित सावित्री बाई फुले वाचनालय में महिला शिक्षा की जनक सावित्री बाई फुले की 193वीं जयन्ती मनाई गई। जिसके मुख्य अतिथि बीएसएनएल के सेवानिवृत्त एजीएम नेकीराम धूपिया थे। अध्यक्षता जगदीश प्रसाद ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता जलदाय विभाग घड़सीराम, इंद्राज सिंह सैनी, लक्ष्मण सैनी, एडवोकेट बजरंगलाल, लीलाधर थे। कार्यक्रम में सबसे पुराने पाठक जगदीश प्रसाद का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। पुस्तकालय प्रभारी द्वारिका प्रशाद सैनी ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि धूपिया ने कहा कि अज्ञानता जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है। इस शत्रु का नाश करने के लिए शिक्षा बहुत जरुरी है। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य शर्मा ने बताया कि शिक्षा और संस्कार दोनों एक साथ देना सावित्री बाई फुले की इनकी देन है। इन्होंने बहुत बड़ी सामाजिक बुराई को खत्म करने का बीड़ा उठाया। जिसे मिटाने के लिए देश में पहला बालिका विद्यालय खोला। इंद्राज सिंह सैनी ने भारत सरकार से ऐसी विभूति को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। कवि राजेश शर्मा ने कविता के माध्यम से बताया कि सावित्री बाई फुले जैसा फूल खिलता है करोड़ों में एक, जो बीज वसुदा को दे जाते हैं सुगंध आसमा को..। इससे पूर्व दीपिका, पूनम व किरण ने सरस्वती वंदना की। संचालन सुनीता दाधीच ने किया। राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने सभी का आभार जताया। अजय व राजेश सोनी ने व्यवस्था देखी।

### बौद्ध रीति रिवाज से परित्राण पाठ करवाया

**झुंझुनूं** (निसं)। अम्मीलाल भूरिया एवं इंद्राज सिंह भूरिया ने बताया कि हमारे समाज में यह परम्परा चली आ रही है कि परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार अथवा गढगंगा जाते हैं। साथ ही पंडित को बुलाकर मृत्यु संस्कार करवाते हैं और दक्षिणा के रूप में करीब 8-10 हजार रुपये का सामान व कुछ नकद राशि देते हैं लेकिन बाबा साहेब अम्बेडकर की विचारधारा को समझने का असर यह हुआ कि झुंझुनू जिले के गांव पुरा की ढाणी निवासी भूरिया परिवार के हीराराम, जिनकूराम, महावीर प्रसाद, ओमप्रकाश, अम्मीलाल, इंद्राज सिंह, सीताराम, बाबूलाल, देवकरण, विधा व बबीता की माताजी एवं मोहनलाल व खेमराज की सासू मां मनकोरी देवी पत्नी दिवंगत धूकलराम को मृत्युपरांत न तो अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार या गढ़गंगा लेकर गये और न पंडित को बुलाकर रूढिवादी परम्परा को निभाया बल्कि बाबा साहेब अम्बेडकर का अनुसरण करते हुए बौद्ध भिक्षु विनयपाल को आमंत्रित कर उन्हीं के द्वारा बौद्ध रीति रिवाज से परित्राण पाठ करवाया गया। देवकरण भूरिया ने बताया कि समाज के गरीब परिवारों से आने वाले प्रतिभावान युवाओं व युवतियों की शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता के रूप में एफर्टस संस्था झुंझुनू को 5114 रुपये तथा बौद्ध विहार जयपहाड़ी में तथागत बुद्ध के दर्शन कर वहां भी 5114 रुपए का अतुलनीय योगदान दिया। इस अवसर पर मनीषा, डॉ संदीप, मोनिका, राहुल, अभिषेक राज, प्रियंका, युवराज, आर्यन, वैशाली, प्रावि राज के अलावा दुर्गाप्रसाद बौद्ध, नरेंद्र कहड़ायला, महेश शिला, योगेंद्र, अरविंद, पंकज, सीताराम बास बुडाना भी मौजूद थे।

### प्रथम शिक्षिका फुले जयंती मनाई

**रतनगढ़** (निसं)। महिला शिक्षा की पक्षधर माता सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा के लिए बालिका विद्यालय की स्थापना कर बालिकाओं को शिक्षा का अधिकार दिया उक्त विचार सैनी समाज के परमेश्वर लाल गौड़ ने बुधवार को स्थानीय श्री हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में सैनी समाज द्वारा आयोजित देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह को मुख्यवक्ता के रुप में व्यक्त किए। सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान अध्यक्ष नन्दकिशोर गढवाल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को सैनी समाज अध्यक्ष महेश कुमार सैनी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सुनील कम्मा, मोहनलाल राकसीया, जयचंद लाल गौड, ओमप्रकाश गौड़ ने भी सम्बोधित करते हुए माता सावित्रीबाई फुले के समाज को दिए योगदान को याद करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है, फुले दम्पति ने शिक्षा को जीवन का आधार मानते हुए दलितों व वंचितों को शिक्षित करने का बिड़ा उठाया। इस अवसर पर सैनी समाज के गणमान्यजनों ने फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गीरधारी लाल राकसीया, नगेन्द्र गौड, तिलोक कम्मा, सत्यनारायण गौड सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

### सावित्रीबाई के जीवन पर प्रकाश डाला

**झुंझुनूं** (निसं)। बुधवार को नगर युवा संघ झुंझुनू के द्वारा प्रजापति गेस्ट हाउस में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। इसमें नगर परिषद झुंझुनू के पार्षद अशोक प्रजापति ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा सर्व समाज और महिलाओं के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। जिनमें मुगलकाल और अंग्रेजों के काल में हिंदू समाज में महिलाओं पर हुए अत्याचार के कारण, महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखाना, बाल विवाह, सती प्रथा, घूंघट प्रथा, कन्या भ्रुण हत्या जैसी कुरीतियां पैदा हो गयी थी। सावित्री बाई फुले ने महिलाओं और बालिकाओं के लिए परतंत्र काल में देश के पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की और उन्होंने विधवा विवाह करवाये, छुआछूत, ऊंचनीच के भेदभाव को मिटाया। इस मौके पर पार्षद संजय पारीक, विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के विभाग प्रमुख योगेंद्र कुंडलवाल, गौरव सोनी, मनोज कुंडलवाल, किशन सिंह, रोहन सैनी, पवन सैनी, विकास सैनी, अभिषेक सैनी, पिंटू कुमावत, दीपक स्वामी, मोतीलाल कुमावत, राहुल कुमावत, महेंद्र कुमावत, अशोक सैनी और सर्व समाज के कार्यकर्ताओं व गणमान्य लोगों ने सावित्री बाई फुले के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वॉलीबॉल के खिलाड़ी बाड़मेर रवाना

**सीकर**, (निसं)। जिला वॉलीबॉल संघ तत्वाधान में जिला सीकर सीनियर पुरुष और महिला वॉलीबॉल को प्रशिक्षण देने के उपरांत बाड़मेर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पूर्व सैनिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चदीकी की राम महिला टीम प्रशिक्षण पुरुष की पुरुष की विश्राम चौधरी के प्रशिक्षण प्राप्त कर बाड़मेर में आयोजित प्रतियोगिता हेतु भाग लेने रवाना हुई। यह जानकारी जिला सचिव हुल्लास तिवाड़ी ने देते हुए ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ीयो को संघ और से गर्म जोशी के साथ विदाई की।

### पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय राजकीय चिकित्सालय के पास स्थित टैक्सी यूनियन द्वारा पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। टैक्सी यूनियन के शेट्टी भुडाढरा ने बताया कि सभी टैक्सी यूनियन के सहयोग से पौष बड़े का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोनू स्वामी,श्रवण कोका, नरेंद्र स्वामी, मनीष महर्षि, सलीम मिरासी, जेसाराम खारडिया, पवन सारस्वत, गोपाल शर्मा, रज्जाक , खेमचंद नाई, दिनेश सारस्वत, राजू बिरडा, सुरेंद्र सिंह भोजासर, महेंद्र माली ने सहयोग कर पौष बड़ा महोत्सव को सफल बनाया।

### निगरानी समिति की बैठक 12 को

**झुंझुनू** (निसं)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 12 जनवरी को अपराह्न सवा 12 बजे जिला परिषद, झुंझुनू के सभा भवन में आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर बचनेश अग्रवाल ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों की लगभग 25 योजनाओं पर समीक्षा की जायेगी। बैठक में जिले के विधायकगण, पंचायत समिति प्रधान, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, समिति के सदस्य व विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आठ को

**चूरू**, (कासं)। जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग की अध्यक्षता में 8 जनवरी को सवेरे 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पशु क्रूरता समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि बैठक में पशु कल्याण से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

### गोपालन समिति की बैठक कल

**चूरू**, (कासं)। जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग की अध्यक्षता में 5 जनवरी को सवेरे 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय गोपालन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि बैठक में गौशालाओं से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

# विधायक व कलेक्टर ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

**चूरू**, (कासं)। विधायक हरलाल सहारण व जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने बुधवार को डीबी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

सहारण पहले इमरजेंसी वार्ड पहुंचे जहां इमरजेंसी वार्ड में और टायलेट में गंदगी का आलम देखकर अस्पताल प्रशासन के सामने नाराजगी व्यक्ति की। फिर मातृ शिशु अस्पताल पहुंचे जहां वार्ड में भर्ती मरीजों से उनके हालचाल जाने। मातृ शिशु अस्पताल के फर्स्ट फ्लोर पर टूटी हुई टायलों को देखकर जल्द ही ठीक करवाने की निर्देश दिए।

■ इमरजेंसी वार्ड व टॉयलेट में फैली गंदगी को देखकर नाराजगी जताई



चूरू विधायक हरलाल सहारण व कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

सहारण ने कहा कि मेरे विधायक बनने के बाद में यह पहला अवसर है।

जब मैं अस्पताल का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचा हूं यहां कुछ कमियां भी पाई गई है। जिसको सुधारने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना है। डॉक्टर टाइम पर अस्पताल पहुंचे। कोई मरीज परेशान होकर निराश न लौटे दवाई का पूरा प्रबंध हो एक्स-रे और सोनोग्राफी मशीन ठीक चले।

इस दौरान सहारण ने दवा वितरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया। विधायक ने कहा मैं एक महीने के बाद फिर से निरीक्षण करने के लिए आऊंगा। दौबारा निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं दूरूस्त मिलनी चाहिए। आज तो मैं और जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग अस्पताल के दौरे पर आए हैं पीएमओ हनुमान जयपाल के साथ में बैठक लेंगे और आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

इस अवसर पर डॉ गजेंद्र सक्सेना, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, पंचायत समिति प्रधान दीपचंद राहड़,, जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, विक्रम कोटवाद, राकेश थालोड़,, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, अभिषेक चोटिया, सुशील लाटा, भण्डार अध्यक्ष मोहनलाल गढ़वाल, एडवोकेट गोगराज सैनी, राजेश माटोलिया, चन्द्रप्रकाश शर्मा, अशोक तंवर, राजेश रक्षक, सचिन जांगिड़, मनोज गढ़वाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अस्पताल का निरीक्षण किया

**खेतड़ी**, (निसं)। खेतडी उप जिला अस्पताल का बुधवार को नीमकाथाना सीएमएचओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप जिला अस्पताल के नए बनने वाले भवन के निर्माण में हो रही समस्याओं को जल्द दूर कर उप जिला अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए हैं।

सीएमएचओ डॉ राजेन्द्र यादव ने उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर आमजन को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं।

सीएमएचओ डॉ राजेन्द्र यादव ने बताया कि खेतड़ी सीएचसी को राज्य सरकार ने पिछले बजट के दौरान क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने को लेकर उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत किया गया था। उप जिला अस्पताल के भवन को लेकर नीमकाथाना रोड़ पर प्रशासन की ओर से जगह चिन्हित की गई थी। भवन निर्माण के लिए चिन्हित की गई जगह को लेकर कुछ तकनीकी समस्याएं सामने आ रही है, जिसको लेकर उप जिला अस्पताल के भवन निर्माण कार्य में देरी हो रही है।

# 56 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की

**खेतड़ी**, (निसं)। खेतड़ी कस्बे के रामकृष्ण मिशन परिसर में बुधवार को स्वामी विवेकानंद की गुरु मां शारदा देवी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान रामकृष्ण मिशन की ओर से 56 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी महाप्रबंधक जीडी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि नीत मुखर्जी, आरएस सजवान, मयूख चटर्जी थे, जबकि अध्यक्षता मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने गुरु माता शारदा देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीडी गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो के धर्म सम्मेलन में भाषण देकर खेतड़ी व देश को पूरे विश्व में अलग पहचान दी थी। स्वामी विवेकानंद का खेतड़ी से गहरा नाता रहा है, यहां के राजा अजीत सिंह के सहयोग से ही स्वामी विवेकानंद विश्व के पटल पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने देश को गौरवान्वित करने का कार्य किया था।

■ स्वामी विवेकानंद की गुरू मां शारदा देवी का जन्मोत्सव मनाया

खेतडी में बना अजीत विवेक संग्रहालय आज देश के लोगों को मित्रता एवं देश की प्रगति को लेकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। स्वामी विवेकानंद कि मानव सेवा ही मुख्य अध्याय था। इस लक्ष्य पर रामकृष्ण मिशन कार्य कर रहा है। स्वामी आत्मानिष्ठानंद महाराज ने कहा कि रामकृष्ण मिशन की ओर से सामाजिक सरोकार निभाने को लेकर स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार किया जा रहा है।

रामकृष्ण मिशन की ओर से महिलाओं को जरूरतमंद बनाने के क्षेत्र में निशुल्क सिलाई सेंटर, युवाओं को शिक्षा के प्रति अग्ररसर करने को लेकर कंप्यूटर सेंटर व अन्य सामाजिक सरोकार कार्यों का आयोजन किया जा रहा है। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के सहयोग से 56 महिलाओं को सिलाई मशीन निशुल्क वितरण की गई जो महिलाओं को आगे बढ़ाने में काफी सहयोग मिलेगा। इस दौरान मंगलआरती, वेद पाठ, विशेष पूजा, भजन, हवन, पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। इसके अलावा शाम को छह बजे आरती के साथ भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर अरुण महाराज, अशोक महाराज, प्रशांत महाराज, हरि महाराज, रमाकांत वर्मा, डॉ राघवेंद्र पाल, प्रदीप सुरोलिया, ग्यारसी लाल कुमावत, ओमप्रकाश खींची, राजू, बजरंगलाल वर्मा, सुरेश सैनी, निर्भय राम शास्त्री, मदन कुमावत, ओम प्रकाश सैनी, रोशन लाल, गोपाल राम, राहुल शर्मा, चंद्र मोहन, प्रेम कुमार, अभिषेक बबेरवाल, उमा शंकर सैनी, गोपी राम सैनी, रिचा भटनागर, पार्वती, बाबूलाल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोगों को लाभ मिल रहा है : विमला गढ़वाल

**चूरू**, (कासं)। बुधवार को नगरपरिषद् एवं इन्द्रमणी पार्क में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए नगरपरिषद् में नेता प्रतिपक्ष विमला गढवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री का विकसित भारत का संकल्प गांव और शहरों तक पहुंच रहा है और इसका लाभ भी पात्र व्यक्तियों को मिला रहा है।

समारोह में अभिषेक चोटिया, दीनदयाल सैनी, सुरेश कुमार सारस्वत, राजेश माटोलिया, मोहनलाल गढवाल, लिखमीचन्द प्रजापत, चन्द्रप्रकाश शर्मा आदि भी मंचस्थ अतिथि थे। गढवाल ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के निर्णयानुसार जनवरी माह से ही पात्र व्यक्तियों को उज्जवला परिवारों को 450 रूपये में सिलेण्डर मुहिया करवाने के संकल्प से ग्रामीण परिवेश व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संबल मिलेगा। इससे आमजन में सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा कायम रहेगी।

अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत एवं दीनदयाल सैनी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पात्र व्यक्ति आवश्यक रूप से जन कल्याणकारी योजनाओं में पंजीयन करवाये और केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले। नगरपरिषद् आयुक्त अनीता खीचड ने आगन्तुकों का स्वागत करने के बाद योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक संभावित लाभार्थी तक आवश्यक रूप से केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे और लाभार्थी भी अपने अनुभवों को आमजन तक साझा करे व व्यापक प्रचार प्रसार करे ताकि प्रत्येक वंचित व्यक्ति योजनाओं के बारे में जागरूक हो सके। लगाई गई स्टालो पर पंजीयन करवाने वालो की भीड़ उमडी रही। साथ ही स्क्रीन के माध्यम उपस्थित जनों योजनाओं की फिल्म के माध्यम से जानकारी दी गई। इससे पूर्व बागला बालिका की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तथा अतिथियो ने पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर कार्यक्रम का आगाज किया। नगरपरिषद् आयुक्त अनिता खीचड ने बताया कि गुरूवार को अन्तिम दिन यह शिविर राम मन्दिर व धानुका धर्मशाला में आयोजित किया जायेगा।

इस पर अधिशाषी अभियन्ता पूर्णिमा यादव, बागला स्कूल के प्राचार्य महेश सोनी एवं अमर सिंह कस्वां, महिला बाल विकास विभाग से शशि कला, सहायक अभियन्ता रवि कुमार रागवानी, कनिष्ठ अभियन्ता कैलाश, जिला परियेजना अधिकारी भारत भूषण पूनियां, सहित नगरपरिषद् स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन पीआरओ किशन उपाध्याय ने किया।

### श्रद्धांजलि दी

**चिड़ावा** (निसं)। चिड़ावा की मोहनका की ढाणी स्थित सैनी धर्मशाला में महिला शिक्षा क्रांति की जनक सावित्री बाई फुले की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान समाज के लोगों ने पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी और सावित्री फुले के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प सभी लोगों ने लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज के जिला अध्यक्ष राजेश सैनी ने की। इस दौरान पूर्व पार्षद महेश कटारिया, समाजसेवी सुरेंद्र सैनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मेहर कटारिया, सरपंच संदीप सैनी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

### जागरुकता शिविर आयोजित

**सीकर**, (नि.सं.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के सचिव धर्मराज मीणा ने बुधवार को राजकीय विधि महाविद्यालयए ढासा की ढाणी सीकर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर धर्मराज मीणा ने राजस्थान पीडित प्रतिकर स्कीम एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने के लिए बनाये गये कानुनों के बारे में विधि विद्यार्थीयों को जानकारी प्रदान की। शिविर के दौरान विधि महाविद्यालय के प्राचार्य दिलसुख थालौड एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

# बड़ौदा बैंक के स्थापना दिवस पर 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**चूरू**, (कासं)। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के बारहवें स्थापना दिवस के तीसरे दिन बैंक स्टाफ द्वारा डेडराज भरतिया अस्पताल में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों द्वारा 31 यूनिट रक्त का दान किया गया। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक करनबीर सिंह ने बताया कि बैंक अपना लगातार बारहवा स्थापना दिवस मना रहा है। यह एक जनवरी से शुरु हुआ था। जिसमें प्रभात फेरी निकाली गई। दूसरे दिन निराश्रित व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। इसी तरह बुधवार को चूरू बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत स्टाफ एवं शाखाओं के स्टाफ सदस्यों द्वारा डीबी अस्पाल में रक्त दान किया गया। क्योंकि इससे बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान करने से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। मुख्य प्रबंधक आर.के.दरगड़, धन एवं विपणन अधिकारी गुमान सिंह शेखावत, मैनपाल सिंह बल्ड बैंक से दलिप सिंह सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।




चूरू में बड़ौदा बैंक के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर रक्तदान किया गया।

## सार-समाचार

### शिविर का निरीक्षण किया

**झुंझुनू** (निसं)। केंद्र सरकार की योजनाएं आम जन तक पहुंचाने के लिए जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों का आयोजन हो रहा है। बुधवार को डूंडलोद में आयोजित शिविर में नवलगढ विधायक विक्रम जाखल और जिला कलेक्टर बचनेश कुमार अग्रवाल ने निरीक्षण किया। विधायक जाखल ने इस दौरान लाभार्थियों से संवाद किया और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। शिविर का निरीक्षण करते हुए जिला कलेक्टर बचनेश अग्रवाल ने प्रत्येक विभाग के काउंटर पर जाकर योजनाओं की प्रगति जानी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों की प्रगति कम होने पर असंतोष जताते हुए कार्य में सुधार लाने की बात कही। जिला कलेक्टर ने लाभार्थियों को पीएम विश्वकर्म योजना, पीएम किसान स मन निधि योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम दुर्घटना बीमा योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए उनका लाभ उठाने की अपील की। जिला कलेक्टर अग्रवाल ने मृदा कार्ड के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने में झुंझुनू जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान नवलगढ़ उपखंड अधिकारी सुमन सोनल, तहसीलदार भीम सिंह सैनी, डूंडलोद ग्राम पंचायत के सरपंच हरफूल पूनिया भी मौजूद रहे।

### जयंती मनाई

**चूरू**, (कासं)। जिला ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी चूरू द्वारा पँखा सर्किल, रतनगढ़ रोड़ स्थित फूले कैन्टीन हॉल में श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था सैनी समाज के प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के साथ रामेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में भारत की प्रथम शिक्षिक, समाज सेविका कवियत्री माँ सावित्री बाई फूले की 194 वीं जयन्ति मनाई गई। उनके जीवन परिचय से शुरू करते हुए सम्पूर्ण जीवनकाल में जिन संघर्षों से जूझते हुए तत्कालीन परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने अल्पजीवनकाल को सम्पूर्ण मानवता के लिए समर्पित कर देने वाली महान शख्शियत को नमन करते हुए सभी पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किये और उपस्थित सदस्यों सहित संस्था के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जयन्ति के अवसर पर डॉ.अशोक शर्मा, जांगिड़ , चानणमल सैनी, दिनेश गहलोत सैन, ओंकारमल सैनी, हरिकिशन जांगिड़, कन्हैयालाल प्रजापत, संतोष चांगल सैनद्ध, सत्यनारायण सैनी, आनन्द बालाण, सांवरमल सैनी, रामकिशन प्रजापत, शंकरलाल बालाण, बजरंग लाल स्वामी, शुभकरण प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

### घना कोहरा छाया

**बीदासर** (निसं)। कस्बे व आस पास के क्षेत्र में बुधवार को सातवें दिन भी घना कोहरा छाया रहा। घने कोहरे के चलते सर्द हवाओं ने लोगो की धूजणी छुटा दी। कोहरे का असर दोपहर एक बजे तक रहा। वही नववर्ष के शुरआत से ही पड़ रही कड़ाके की ठण्ड व कोहरे के कारण लोगो की दिनचर्या बदल कर रख दी है। कोहरे व सर्द हवाओं के चलते सर्दी के तेवर भी तीखे हो रहे है। सर्द हवाओं व ठिठुरन के चलते बाजार भी सुबह देरी से खुलते है ओर शाम को बाजारों में सनाटा पसर जाता है। गत दो दिनों से सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन से लोग घरों में कैद होने के लिये मजबुर कर दिया है। सुबह शाम सर्दी से बचने के लिये लोग अलाव का सहारा ले रहे है। वही घने कोहरे के चलते वाहन भी हेड लाईट जलाकर रेंगते हुये धीमी गति से चल रहे है। सर्दी व कोहरे ने लोगो की दिनचर्या बिगाड़ कर रख दी है। सर्दी के बचाव के लिये लोग गर्म पेय पदार्थो का सहारा ले रहे है।

### जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरण

**तारानगर** (निसं)। तारानगर में युवादल द्वारा भीष्ण सर्दी को देखते हुए झुग्गी झोंपडी में रहने वाले जरूरमंद एवं अनाथ आश्रम में रहने वाले लोगों को गर्म वस्त्र वितरण किये। अनाथ आश्रम के संचालक सुभाष ने युवादल के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। युवादल के संरक्षक मुकेश फगेड़िया ने बताया कि युवादल द्वारा समय समय पर सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं और जब भी कहीं पर भी किसी जरूरतमंद व्यक्ति को युवादल की आवश्यकता पडे तो युवा दल हमेशा जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए हर समय तैयार हैं। इस मौके पर रमेश बिजारणिया, संदीप सेन, विकास, कपिल, राजेंद्र, कैलाश भाटी सहित युवादल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कथा का समापन आज

**झुंझुनू** (निसं)। स्थानीय तीन नंबर रोड स्थित मोरवाल मंगल भवन (शिव कॉलोनी) में आयोजित द्वितीय दिवस की कथा बड़े हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। व्यास पीठ से कथा व्यास दीपक शुक्ला (गुरुजी) ने बताया कि ईश्वर पर सच्चा और दृढ़ विश्वास ही मनुष्य के संकल्पों को पोषित करता है। कथा पंडाल में पधारी सनातनी माताओं ने भजनों व भक्ति नृत्य के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर महेंद्र मोरवाल, श्यामलाल मोरवाल, विमल सैनी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, रामावतार शुक्ला, रवि शंकर, रामअवतार शर्मा, सुनील कुमावत सहित अनेक गणमान्य कथा में उपस्थित थे। आज कथा का विश्राम दिवस होगा।

### ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कल

**पाटन** (निसं)। राज्य में जनसुनवाई की त्रिस्तरीय व्यवस्था के माध्यम से ग्राम पंचायत, उपखंड एवं जिला स्तर पर आमजन की समस्याओं का प्रभावी निराकरण किया जा रहा है । राज्य सरकार के निर्देश पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 4 जनवरी को पंचायत मुख्यालयों पर किया जाएगा। जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज ने बताया ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 4 जनवरी को, उपखंड स्तरीय जनसुनवाई 11 जनवरी को वहीं जिला स्तरीय जनसुनवाई 18 जनवरी को आयोजित की जाएगी।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पिताजी के आर्मी नंबर 14412712Y रिकॉर्ड में मेरा नाम अग्निवेश सिंह दर्ज है, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में अग्निवेश (Agnivesh) दर्ज है। अब उनके सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम दुरूस्त करवाकर अग्निवेश (Agnivesh) दर्ज करवाना चाहता हूं।

**अग्निवेश पुत्र स्व. जयवीर सिंह जाट निवासी सुलखनियाँ छोटा तहसील राजगढ़ (चूरू)**

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक :- न.पा.ता./आपत्ति सूचना/2023-24/3996-4000 दिनांक :- 03.01.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर भवन निर्माण स्वीकृति हेतु प्राप्त ऑनलाईन पत्रावलियां की करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में सप्रमाण आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | वार्ड संख्या | ऑनलाईन | तादादी | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वन्दना सैनी पत्नी गजानन्द सैनी गजानन्द सैनी पुत्र दुला राम सैनी | 02 | 18 | 80.75 वर्ग मीटर | भवन निर्माण स्वीकृति |

**अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, तारानगर**

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांकः- न.पा.रा./भूमि/5348-50 दिनांक 03.01.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बलराम पुत्र श्री पुरखाराम जाति जाट साकिन खोड़ा तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर सैक्टर एल.आई.जी.एच. भूखण्ड सं. 160 साईज 25 गुणा 50 फीट यानि 1250 वर्गफीट यानि 116.17 वर्ग मीटर का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री मोहन गिरी पुत्र श्री नारायण गिरी के नाम से जारीशुदा है। श्री मोहनगिरी ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 29.01.2021 को उक्त भूखण्ड श्री विनोद कुमार पुत्र श्री अमरसिंह को बैचान कर दिया। श्री विनोद कुमार ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 26.04.2023 को उक्त भूखण्ड श्री बलराम पुत्र श्री पुरखाराम को बैचान कर दिया, जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण जारी करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**(संदीप कुमार) अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर**